पत्रांक–9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025–.....3240.....(9A)/रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–...08-09-2025

विषय :– राजस्व महा–अभियान के तहत जमाबंदी पंजी की प्रति एवं प्रपत्रों का वितरण महादलित टोला/बस्ती में करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–2786(9A)/रा0, दिनांक–29.07.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पूरे राज्य में दिनांक–16.08.2025 से दिनांक–20.09.2025 तक "राजस्व महा–अभियान" का आयोजन किया जा रहा है। राजस्व महा–अभियान के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में प्रासंगिक पत्र के माध्यम से विस्तृत दिशा–निदेश संसूचित है।

इस महा–अभियान के तहत ऑनलाइन जमाबंदी पंजी की प्रति एवं अन्य प्रपत्रों का वितरण घर–घर जाकर किया जा रहा है। इस क्रम में यह संज्ञान में आया है कि महादलित टोलों में बन्दोबस्त की गयी भूमि की जमाबंदी पंजी की प्रति के वितरण की गति धीमी है। यह आवश्यक है कि महादलित परिवारों को बन्दोबस्त की गयी भूमि, जिसकी जमाबंदी सृजित है, की जमाबंदी पंजी की प्रति उनको अनिवार्यतः उपलब्ध करायी जाय, ताकि वे भी महा–अभियान के तहत आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर त्रुटि निराकरण हेतु आवेदन कर सके।

अतः अनुरोध है कि राजस्व महा–अभियान के तहत गठित वितरण दल को महादलित टोला/बस्ती में जाकर जमाबंदी पंजी की प्रति एवं प्रपत्रों का वितरण अनिवार्य रूप से करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया जाए।

विश्वासभाजन

8/9/25
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025–3240(9A)/रा0, पटना–15, दिनांक–08-09-2025

ई–मेल

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी अनुमण्डल पदाधिकारी/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/सभी अंचल अधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/9/25
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025–3240(9A)/रा0, पटना–15, दिनांक–08-09-2025

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/विभागीय आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/9/25
(जय सिंह),
सचिव।

E:\2025\9A\Rajswa Maha-abhiyan\Letter.docx